# आ गया गोविंदा आ गया | By Toshi Kaur

आ गया देखो आ गया
गोविंदा देखो आ गया
आ गया देखो आ गया गोविंदा आ गया
आया बिरज का बांका
देखो आ गया अरे आ गया हाँ हाँ आ गया

गोकुल की गलियों में शोर हो गया
मटकी अपनी सम्भालो, चोर चोर चोर
माखन चोर आ गया, माखन चोर आ गया
माखन चोर आ गया ..........

संग ग्वाल बालों के आकर करता माखन की चोरी
कोई अगर बोले तो करता ये बरजोरी
ये रंगीला बड़ा है हठीला बड़ा
करे करामात रोज़ ये नया
माखन चोर आ गया, माखन चोर आ गया
माखन चोर आ गया ..........

नटखट बड़ा नंदलाला ना सुने बात जिनकी
ये अपनी मस्ती में रहता करता है अपने मन की
करता शैतानिया फोड़ता मटकियां
चर्चा में सबकी ये आ गया
माखन चोर आ गया, माखन चोर आ गया
माखन चोर आ गया ..........

माखन भरी देख मटकी खुद को ना रोक पाए
लाख पहरा ये फिर भी माखन चट कर जाए
सारी ब्रज गोपियाँ इसकी मनमानियां
कुंदन सोचे करें भी तो क्या
माखन चोर आ गया, माखन चोर आ गया
माखन चोर आ गया ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%be-%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by-toshi-kaur/